14. प्रकरण में भीया वल्द हिरकन की मृत्यु होने पर बबरी बेबा भींया वर्ग—1 की एकमात्र वारिश होने के आधार पर भींया के उक्त संपत्ति में 1/2 हिस्से की पूर्ण मालिक के रूप में काबिज काश्त हुई। इस प्रकार प्रकरण में हिन्दू उत्तराधिकार अधिनियम—1956 की धारा—14 के तहत हिन्दू महिला उत्तराधिकार में प्राप्त संपत्ति की पूर्ण मालिक हिन्दू महिला की मृत्यु होने पर हिन्दू महिला को पति से विरासत से प्राप्त संपत्ति के मामले में हिन्दू उत्तराधिकार अधिनियम—1956 की धारा—15 (2)(बी) लागू होती है। हिन्दू उत्तराधिकार अधिनियम—1956 की धारा—15 (2)(बी) के अनुसार वह संपत्ति पति के वारिशों को उत्तराधिकार में प्राप्त होने के प्रावधान बनाये गये हैं। हिन्दू उत्तराधिकार अधिनियम—1956 की धारा—15 (2)(बी) के अनुसार वह संपत्ति **पति के वारिशों को उत्तराधिकार में प्राप्त होने** के प्रावधान के लागू करने हेतु हिन्दू उत्तराधिकार अधिनियम—1956 की धारा—16 में प्रक्रिया प्रावधित की हुई है। जिनका अवलोकन किया जाना आवश्यक है। जिसका प्रासांगिक उद्धरण निम्न प्रकार हैः—

> ***Section 16 – Order of Succession and manner of distribution among heirs of a female Hindu.*** *– The order of succession among the heirs referred to in Section 15 shall be, and the distribution of the intestate's property among those heirs shall take place, according to the following rules, namely:—*
>
> *Rule 1.—Among the heirs specified in sub-section (1) of Section 15, those in one entry shall be preferred to those in any succeeding entry and those included in the same entry shall take simultaneously.*
>
> *Rule 2.—If any son or daughter of the intestate had pre-deceased the intestate leaving his or her own children alive at the time of the intestate's death, the children of such son or daughter shall take between them the share which such son or daughter would have taken if living at the intestate's death.*
>
> *Rule 3.—The devolution of the property of the intestate on the heirs referred to in clauses (b), (d) and (e) of sub-section (1)* ***and in sub-section (2) to Section 15 shall be in the same order and according to the same rules as would have applied if the property had been the father's or the mother's or the husband's as the case may be, and such person had died intestate in respect thereof immediately after the intestate's death."***

Signature Not Verified

Digitally signed by Keshav Kumar Meena
Date: 2025.01.09 20:08:23 IST
Reason: SelfAttested

15. उक्त प्रावधान के अवलोकन से स्पष्ट है कि **हिन्दू उत्तराधिकार अधिनियम—1956 की धारा—16 में प्रावधित प्रक्रिया के नियम—3 के अनुसार पति की विरासत को इस प्रकार से माना जाये जैसे कि संपत्ति पति की हो एवं पति की निर्वसयति हिन्दू पुरूष के समान मृत्यु हो जाये।** ऐसी स्थिति में हिन्दू उत्तराधिकार अधिनियम—1956 की धारा—8 लागू होती है। जिसका अवलोकन किया जाना आवश्यक है। जिसका उद्धरण निम्न प्रकार हैः—

> ***8. General rules of succession in the case of males.—The property of a male Hindu dying intestate shall devolve according to the provisions of this Chapter:—***
> *(a) firstly, upon the heirs, being the relatives specified in class I of the Schedule;*
> *(b) secondly, if there is no heir of class I, then upon the heirs, being the relatives specified in class II of the Schedule;*
> *(c) thirdly, if there is no heir of any of the two classes, then upon the agnates of the deceased; and*
> *(d) lastly, if there is no agnate, then upon the cognates of the deceased.*

16. उक्त प्रावधान के अवलोकन से स्पष्ट है कि हिन्दू उत्तराधिकार अधिनियम—1956 की धारा—8 के अनुसार सर्वप्रथम अनुसूची में दिये गये वर्ग—1 के वारिशों को संपत्ति मिलने के प्रावधान है। प्रकरण में बवरी बेवा भींया के वर्ग—1 के वारिश नहीं होने के कारण हिन्दू उत्तराधिकार अधिनियम—1956 की धारा—8 (बी) लागू होती है। किसी निर्वसयती मृतक हिन्दू के वर्ग—1 के वारिश नहीं होने के कारण हिन्दू उत्तराधिकार अधिनियम—1956 की धारा—8 (बी) लागू होने पर हिन्दू उत्तराधिकार अधिनियम—1956 की धारा—9 के अनुसार सर्वप्रथम अनुसूची में दिये गये वर्ग—1 व वर्ग—2 के वारिशों के मध्य संपत्ति में हक—हिस्से के संबंध में प्रावधान है। जिसका अवलोकन किया जाना आवश्यक है। जिसका उद्धरण निम्न प्रकार हैः—

> ***9. Order of succession among heirs in the Schedule.—****Among the heirs specified in the Schedule, those in class I shall take simultaneously and to the exclusion of all other heirs; <u>those in the first entry in class II shall be preferred to those in the second entry; those in the second entry shall be preferred to those in the third entry; and so on in succession.</u>*

17. इसी संबंध में हिन्दू उत्तराधिकार अधिनियम—1956 की धारा—9 के अनुसार सर्वप्रथम अनुसूची में दिये गये वर्ग—1 व वर्ग—2 के वारिशों के मध्य संपत्ति में हक—हिस्से के संबंध में प्रावधान है। उक्त अनुसूची का अवलोकन किया जाना आवश्यक है। जिसका उद्धरण निम्न प्रकार हैः—

> ***THE SCHEDULE***
> ***(See section 8)***
> ***HEIRS IN CLASS I AND CLASS II***
>
> ***Class I***
> *Son; daughter; widow; mother; son of a pre-deceased son; daughter of a pre-deceased son; son of a pre-deceased*

Signature Not Verified

Digitally signed by Keshav Kumar Meena
Date: 2025.01.09 20:08:23 IST
Reason: SelfAttested

daughter; daughter of a pre-deceased daughter; widow of a pre-deceased son; son of a pre-deceased son of a pre-deceased son; daughter of a pre-deceased son of a pre-deceased son; widow of a pre-deceased son of a pre-deceased son son of a predeceased daughter of a pre-deceased daughter; daughter of a pre-deceased daughter of a pre-deceased daughter; daughter of a pre-deceased son of a pre-deceased daughter; daughter of a pre-deceased daughter of a pre-deceased son.

Class II

I. Father.
II. (1) Son's daughter's son, (2) son's daughter's daughter, (3) brother, (4) sister.
III. (1) Daughter's son's son, (2) daughter's son's daughter, (3) daughter's daughter's son, (4) daughter's daughter's daughter.
IV. (1) Brother's son, (2) sister's son, (3) brother's daughter, (4) sister's daughter.
V. Father's father; father's mother.
VI. Father's widow; brother's widow.
VII. Father's brother; father's sister.
VIII. Mother's father; mother's mother.
IX. Mother's brother; mother's sister.

Explanation.—In this Schedule, references to a brother or sister do not include references to a brother or sister by uterine blood..

18. उक्त प्रावधान के अवलोकन से स्पष्ट है कि हिन्दू उत्तराधिकार अधिनियम—1956 की धारा—9 के अनुसार सर्वप्रथम अनुसूची में दिये गये वर्ग—1 व वर्ग—2 के वारिशों के मध्य संपत्ति में हक—हिस्से के संबंध में प्रावधान है। प्रकरण में बबरी बेवा भींया की संपत्ति पति भींया वल्द हिरकन के वारिशों के मध्य उत्तराधिकार में न्यागत होनी अपेक्षित है। इस संबंध में हिरकन के वारिशों की वंशावली के अवलोकन से स्पष्ट है कि भींया वल्द हिरकन के प्रथम श्रेणी के वारिश नहीं है। अतः अब वर्ग—2 के वारिशों के मध्य विचार किया जाना अपेक्षित है। इस संबंध में हिन्दू उत्तराधिकार अधिनियम—1956 की धारा—11 में वर्ग—2 के वारिशों के मध्य संपत्ति में हक के संबंध में प्रावधान बनाये गये है। जिसका अवलोकन किया जाना आवश्यक है। जिसका उद्धरण निम्न प्रकार हैः—

11. Distribution of property among heirs in class II of the Schedule.—*The property of an intestate shall be divided between the heirs specified in any one entry in class II of the Schedule so that they, share equally.*

19. उक्त प्रावधान के अवलोकन से स्पष्ट है कि हिन्दू उत्तराधिकार अधिनियम—1956 की धारा—9 के अनुसार अनुसूची में दिये गये वर्ग—2 के वारिशों के मध्य संपत्ति में हक—हिस्से के संबंध में अनुसूची में दिये गये वर्ग—2 के वारिशों में पहली एंट्री को दूसरी एंट्री पर वरीयता दिये जाने के प्रावधान है। इसी प्रकार हिन्दू उत्तराधिकार

Signature Not Verified

Digitally signed by Keshav Kumar Meena
Date: 2025.01.09 20:08:23 IST
Reason: SelfAttested

अधिनियम—1956 की धारा—11 के अनुसार अनुसूची में दिये गये वर्ग—2 के वारिशों के मध्य संपत्ति में हक—हिस्से के संबंध में अनुसूची में दिये गये वर्ग—2 के वारिशों में एक एंट्री के समस्त वारिशों को समान हक दिये जाने के प्रावधान है।

20. प्रकरण में भींया वल्द हिरकन कौम नाई के प्रथम श्रेणी/वर्ग—1 का कोई वारिश नहीं है। प्रकरण में भींया वल्द हिरकन कौम नाई के वर्ग—2 में पहली एंट्री में पिता हिरकन जीवित नहीं है। प्रकरण में भींया वल्द हिरकन कौम नाई के वर्ग—2 में द्वितीय एंट्री में (1) पुत्र की पुत्री के पुत्र तथा (2) पुत्र की पुत्री की पुत्री (3) भाई (4) बहन को एकसाथ समान हिस्सा दिये जाने के प्रावधान हैं। प्रकरण में भींया वल्द हिरकन के (1) पुत्र की पुत्री के पुत्र तथा (2) पुत्र की पुत्री की पुत्री वारिश नहीं हैं, परन्तु (3) भाई के रूप में भैरा वल्द हिरकन के वारिशान तथा (4) बहन के रूप में फुली वल्द हिरकन व लेहरों वल्द हिरकन के वारिशान मौजूद हैं। इस आधार पर बबरी बेवा भींया की शेष संपत्ति में प्रत्यर्थी संख्या 02 लगायत 05 का 1/3 हिस्सा, प्रत्यर्थी संख्या 06 का 1/3 हिस्सा तथा अपीलार्थी व प्रत्यर्थी संख्या 07 लगायत 12 का 1/3 हिस्सा होना कानूनन उचित है। इस प्रकार राजस्व कार्मिकों को नामांतकरण संख्या 341 दिनांक 22.12.2020 दर्ज करते व ग्राम पंचायत द्वारा उक्त नामांतकरण फैसल करते समय उक्त विधिक प्रावधानों के तहत ही बबरी बेवा भींया का नामांतकरण दर्ज करना चाहिए था। परन्तु राजस्व कार्मिकों नामांतकरण संख्या 341 दिनांक 22.12.2020 दर्ज करते व ग्राम पंचायत द्वारा उक्त नामांतकरण फैसल करते समय उक्त विधिक प्रावधानों के विपरीत बबरी बेवा भींया का नामांतकरण दर्ज केवल प्रत्यर्थी संख्या 02 लगायत 05 के हक में फैसल करना कानूनन अनुचित प्रतीत होता है। इस प्रकार ग्राम पंचायत व राजस्व कार्मिकों नामांतकरण संख्या 341 दिनांक 22.12.2020 विधिक प्रावधानों के विपरीत दर्ज व फैसल किया गया है।

21. इस संबंध में प्रत्यर्थी द्वारा प्रस्तुत न्यायिक दृष्टातों का विश्लेषण किया जाना अपेक्षित है। जिनका विश्लेषण इस प्रकार है कि *आरआरटी 2002 (1) पेज 77* में खातेदार की मृत्यु होने पर विरासत को लेकर विवाद उत्पन्न हो गया था। उक्त विवाद में एक पक्ष मृत्तक खातेदार के वारिस होने के संबंध में दावा कर रहा था। साथ ही द्वितीय पक्ष भी मृत्तक खातेदार के वारिस होने के संबंध में दावा कर रहा था। उक्त प्रकरण में माननीय राजस्व मण्डल अजमेर द्वारा न्यायिक दृष्टांत प्रतिपादित किया गया कि मृत्तक खातेदार की विरासत के संबंध में विपरीत दावा रखने के कारण विवाद उत्पन्न होने पर प्रकरण को सिविल न्यायालय को प्रेषित करना चाहिए था। हस्तगत प्रकरण में मृत्तक खातेदार बबरी बेवा भींया की मृत्यु होने पर नामांतरकरण के समय विरासत को लेकर कोई विवाद उत्पन्न नहीं हुआ। हस्तगत प्रकरण में बबरी बेवा भींया की विरासत मुताबिक हिन्दु उत्तराधिकार अधिनियम—1956 के अनुसार संपूर्ण विधिक वारिशान के नाम दर्ज नहीं की जाकर केवल कुछ वारिशों के नाम दर्ज की गई। इस प्रकार बबरी बेवा भींया की विरासत को लेकर अलग—अलग दावे नामांतकरण संख्या 341 दिनांक 22.12.2020 के समय प्रस्तुत नहीं किये गये। इस प्रकार उक्त न्यायिक दृष्टांत हस्तगत प्रकरण सटीक चस्पा नहीं होता है।

22. प्रकरण में प्रत्यर्थी द्वारा प्रस्तुत न्यायिक दृष्टांत *आरआरटी 2007 (1) पेज 723* वारिश के प्रश्न को लेकर सिविल न्यायालय एवं राजस्व न्यायालय के क्षेत्राधिकार पर न्यायिक

Signature Not Verified

Digitally signed by Keshav Kumar Meena
Date: 2025.01.09 20:08:23 IST
Reason: SelfAttested

दृष्टांत प्रतिपादित किया गया है। उक्त न्यायिक दृष्टांत में माननीय राजस्थान उच्च न्यायालय के समक्ष एक खातेदार की विरासत के संबंध में गोदपुत्र एवं प्राकृतिक वारिशों के मध्य विरासत को लेकर विवाद की विषयवस्तु का प्रकरण निहित था। उक्त न्यायिक दृष्टांत में माननीय राजस्थान उच्च न्यायालय द्वारा व्याख्या की गई कि उत्तराधिकार का प्रश्न सिविल न्यायालय द्वारा निर्णित किया जाना कानून संगत है जबकि नामांतकरण के इन्द्राज को अवैध घोषित करने का क्षेत्राधिकार राजस्व न्यायालय में निहित है। इस प्रकार उक्त न्यायिक दृष्टांत के तथ्य हस्तगत प्रकरण से जुदा होने के कारण उक्त न्यायिक दृष्टांत हस्तगत प्रकरण पर सटीक चस्पा नहीं होता है।

23. प्रकरण में प्रत्यर्थी द्वारा प्रस्तुत न्यायिक दृष्टांत *आरआरटी 2021 (1) (एससी) पेज 19* में अजनबी व्यक्ति द्वारा अपील प्रस्तुत करने का कानूनी अधिकार नहीं होने पर न्यायिक दृष्टांत प्रतिपादित किया गया है। हस्तगत प्रकरण में अपीलार्थी अजनबी नहीं होकर बबरी बेवा भींया का विधिक वारिश है। इस प्रकार उक्त न्यायिक दृष्टांत के तथ्य हस्तगत प्रकरण से जुदा होने के कारण उक्त न्यायिक दृष्टांत हस्तगत प्रकरण पर सटीक चस्पा नहीं होता है।

24. प्रकरण में प्रत्यर्थी द्वारा प्रस्तुत न्यायिक दृष्टांत *डीएनजे 2021 (2) (एससी) पेज 964 में* माननीय सर्वोच्च न्यायालय *तथा डीएनजे 2024 (1) पेज 38* में माननीय न्यायालय राजस्व मंडल राजस्थान अजमेर नामांतकरण प्रक्रिया को केवल वित्तीय प्रक्रिया घोषित करते हुए किसी व्यक्ति के पक्ष में कोई अधिकार सृजित नहीं करने वाली प्रक्रिया घोषित करते हुए न्यायिक दृष्टांत प्रतिपादित किये है। हस्तगत प्रकरण में इन्हीं न्यायिक दृष्टांतों द्वारा प्रतिपादित कानूनी प्रावधानों के तहत अपीलार्थी द्वारा अपील प्रस्तुत की गई है। इस प्रकार उक्त न्यायिक दृष्टांत से प्रत्यर्थी को कोई सहायता नहीं मिलने के कारण उक्त न्यायिक दृष्टांत हस्तगत प्रकरण पर सटीक चस्पा नहीं होता है।

25. प्रकरण में प्रत्यर्थी द्वारा प्रस्तुत न्यायिक दृष्टांत *आरआरटी 2021 (1) (1) पेज 471* में माननीय न्यायालय राजस्व मंडल राजस्थान अजमेर के समक्ष प्रस्तुत प्रकरण में मृतक खातेदार की विरासत हिन्दू उत्तराधिकार अधिनियम—1956 के तहत वर्ग—1 के वारिश होने के बावजूद भी वर्ग—2 के वारिशों के नाम दर्ज कर दिया। उक्त प्रकरण में माननीय न्यायालय राजस्व मंडल राजस्थान अजमेर द्वारा प्रतिपादित किया गया कि हिन्दू उत्तराधिकार अधिनियम—1956 के तहत वर्ग—1 के वारिश होते हुए वर्ग—2 के वारिशों के नाम नामांतकरण दर्ज नहीं किया जा सकता है। हस्तगत प्रकरण में मृतक खातेदार की विरासत हिन्दू उत्तराधिकार अधिनियम—1956 के तहत वर्ग—1 के वारिश होने के पश्चात ही वर्ग—2 के वारिशों के नाम विरासत दर्ज की गई है। इस प्रकार उक्त न्यायिक दृष्टांत से प्रत्यर्थी को कोई सहायता नहीं मिलने के कारण उक्त न्यायिक दृष्टांत हस्तगत प्रकरण पर सटीक चस्पा नहीं होता है।

26. प्रकरण में प्रत्यर्थी द्वारा प्रस्तुत न्यायिक दृष्टांत *आरआरडी 2020 पेज 275* में माननीय न्यायालय राजस्व मंडल राजस्थान अजमेर के समक्ष वसीयत के आधार पर नामांतकरण दर्ज करने से संबंधित विषयवस्तु का प्रकरण निहित था। इस प्रकार उक्त न्यायिक

Signature Not Verified

Digitally signed by Keshav Kumar Meena
Date: 2025.01.09 20:08:23 IST
Reason: SelfAttested

दृष्टांत के तथ्य हस्तगत प्रकरण से भिन्न होने के कारण उक्त न्यायिक दृष्टांत हस्तगत प्रकरण पर सटीक चस्पा नहीं होता है।

27. प्रकरण में प्रत्यर्थी द्वारा प्रस्तुत न्यायिक दृष्टांत *आरआरटी 2023 (1) (1) पेज 375* में माननीय न्यायालय राजस्व मंडल राजस्थान अजमेर द्वारा न्यायिक दृष्टांत प्रतिपादित किया गया है कि दस्तावेज यदि साक्ष्य में प्रदर्शित नहीं किया गया है तो वह दस्तावेज पढा नहीं जा सकता। इस प्रकार उक्त न्यायिक दृष्टांत के तथ्य हस्तगत प्रकरण से भिन्न होने के कारण उक्त न्यायिक दृष्टांत हस्तगत प्रकरण पर सटीक चस्पा नहीं होता है।

28. इसके साथ ही नामान्तकरण दर्ज करने के संबंध में राजस्थान भू–राजस्व (भू–अभिलेख) नियम–1957 के नियम–121 के उपनियम–04 तथा 05 के अनुसार विहित प्रक्रिया व प्रावधानों का विश्लेषण किया जाना आवश्यक है जिसके प्रासंगिक विवरण का उद्धरण इस प्रकार हैः–

121. **General instructions.-**

(iv) The Revenue Officer (The Tehsildar, the Naib-Tehsildar or an Assistant Collector) or the village Panchayats to which the powers under Section 135 of the Rajasthan and Revenue Act, 1956 have been delegated, as the case may be should carefully compare the entries in the counterfoil, and foil and must write his order on the latter. He should see that entries in the mutation sheet at his orders thereon are neatly and legibly written. The order should show the parties interested, whether all were present or any one was absent, the way in which his evidence was obtained or it was not obtained, what opportunity was given to him to present, who identified the parties present and the place at which and the date on which it was written. In mutations of alienation of land the caste and sub-caste of the party should be named in the order. No detailed record of the statements of parties and witnesses need be made but the order must state briefly the persons examined by the Revenue Officer, the facts which they deposed and the grounds of the order. Except where the mutation order relates to an entire holding and in case of undisputed inheritance. the Revenue Officer must enter in his own hand the number of the fields affected and their total area.

(v) The Revenue Officer must write with his own hand in the counter foil a brief abstract of the operative part of the order giving the number of the fields affected and their total area thus "Dakhil Kharij Numberan Fallan Raqba Fallan Manzor Hai" No recital of the facts on which the order is based should be entered in the counterfoil.

Signature Not Verified

Digitally signed by Keshav Kumar Meena
Date: 2025.01.09 20:08:23 IST
Reason: SelfAttested

29. इस प्रकार राजस्थान भू—राजस्व (भू—अभिलेख) नियम—1957 के नियम—121 के उपनियम—04 तथा 05 के अनुसार नामान्तकरण निर्णित करते समय पीठासीन अधिकारी को निम्न प्रकिया का अनुसरण करने के प्रावधान बनाये गये हैंः—

प्रकिया	प्रावधान
1	*The Revenue Officer or the village Panchayats should carefully compare the entries in the counterfoil, and foil and must write his order on the latter.*
2	*The order should show the parties interested, whether all were present or any one was absent,*
3	*the way in which his evidence was obtained or it was not obtained,*
4	*what opportunity was given to him to present,*
5	*who identified the parties present and the place at which and the date on which it was written.*
6	*but the order must state briefly the persons examined by the Revenue Officer,*
7	*the facts which they deposed and the grounds of the order.*
8	*The Revenue Officer must write with his own hand in the counter foil a brief abstract of the operative part of the order.*

30. प्रकरण में राजस्थान भू—राजस्व (भू—अभिलेख) नियम—1957 के नियम—121 के उपनियम—04 तथा 05 के अनुसार ग्राम पंचायत व राजस्व कार्मिकों नामांतकरण संख्या 341 दिनांक 22.12.2020 मौजा हिरकन का थान ग्राम पंचायत लोलों की बेरी तहसील धोरीमन्ना द्वारा निर्णित करते समय पीठासीन अधिकारी को निर्धारित प्रकिया का अनुसरण करने के उक्त प्रावधानों का विश्लेषण किया जाना आवश्यक है। उक्त विश्लेषण निम्न प्रकार हैः—

प्रकिया	विश्लेषण
The Revenue Officer or the village Panchayats should carefully compare the entries in the counterfoil, and foil and must write his order on the latter.	नामांतकरण संख्या 341 दिनांक 22.12.2020 मौजा हिरकन का थान ग्राम पंचायत लोलों की बेरी तहसील धोरीमन्ना के अवलोकन से ज्ञात होता है कि इस प्रकिया की ग्राम पंचायत द्वारा पालना की गई है
The order should show the parties interested, whether all were present or any one was absent,	नामांतकरण संख्या 341 दिनांक 22.12.2020 मौजा हिरकन का थान ग्राम पंचायत लोलों की बेरी तहसील धोरीमन्ना के अवलोकन से ज्ञात होता है कि नामान्तकरण पर जारी आदेश में हितधारक पक्षकारों के विवरण तथा उनकी उपस्थिति के बारे में कोई उल्लेख नहीं है। *इस प्रकार इस प्रकिया की ग्राम पंचायत द्वारा पालना नहीं की गई है।*
the way in which his evidence was obtained or it was not obtained,	नामांतकरण संख्या 341 दिनांक 22.12.2020 मौजा हिरकन का थान ग्राम पंचायत लोलों की बेरी तहसील धोरीमन्ना के अवलोकन से ज्ञात होता है कि नामान्तकरण पर जारी आदेश में हितधारक पक्षकारों से प्राप्त साक्ष्य के बारे में कोई उल्लेख नहीं

Signature Not Verified

Digitally signed by Keshav Kumar Meena
Date: 2025.01.09 20:08:23 IST
Reason: SelfAttested

	है। *इस प्रकार इस प्रक्रिया की ग्राम पंचायत द्वारा पालना नहीं की गई है।*
what opportunity was given to him to present,	नामांतकरण संख्या 341 दिनांक 22.12.2020 मौजा हिरकन का थान ग्राम पंचायत लोलों की बेरी तहसील धोरीमन्ना के अवलोकन से ज्ञात होता है कि नामान्तकरण पर जारी आदेश में हितधारक पक्षकारों को प्रदान किये गये सुनवाई/उपस्थिति के अवसरों के बारे में कोई उल्लेख नहीं है। *इस प्रकार इस प्रक्रिया की ग्राम पंचायत द्वारा पालना नहीं की गई है।*
who identified the parties present and the place at which and the date on which it was written.	नामांतकरण संख्या 341 दिनांक 22.12.2020 मौजा हिरकन का थान ग्राम पंचायत लोलों की बेरी तहसील धोरीमन्ना के अवलोकन से ज्ञात होता है कि नामान्तकरण पर जारी आदेश में हितधारक पक्षकारों की उपस्थिति की परिस्थिति में पक्षकारों की पहचान के बारे में कोई उल्लेख नहीं है। *इस प्रकार इस प्रक्रिया की ग्राम पंचायत द्वारा पालना नहीं की गई है।*
but the order must state briefly the persons examined by the Revenue Officer,	नामांतकरण संख्या 341 दिनांक 22.12.2020 मौजा हिरकन का थान ग्राम पंचायत लोलों की बेरी तहसील धोरीमन्ना के अवलोकन से ज्ञात होता है कि नामान्तकरण पर जारी आदेश में हितधारक पक्षकारों/व्यक्तियों से फैसलकर्ता अधिकारी द्वारा की गई जांच/जिरह के बारे में कोई उल्लेख नहीं है। *इस प्रकार इस प्रक्रिया की ग्राम पंचायत द्वारा पालना नहीं की गई है।*
the facts which they deposed and the grounds of the order.	नामांतकरण संख्या 341 दिनांक 22.12.2020 मौजा हिरकन का थान ग्राम पंचायत लोलों की बेरी तहसील धोरीमन्ना के अवलोकन से ज्ञात होता है कि नामान्तकरण पर जारी आदेश में फैसलकर्ता अधिकारी द्वारा निर्णय के तथ्यों/आधारों के बारे में कोई उल्लेख/जिक्र नहीं किया है। *इस प्रकार इस प्रक्रिया की ग्राम पंचायत द्वारा पालना नहीं की गई है।*
The Revenue Officer must write with his own hand in the counter foil a brief abstract of the operative part of the order.	नामांतकरण संख्या 341 दिनांक 22.12.2020 मौजा हिरकन का थान ग्राम पंचायत लोलों की बेरी तहसील धोरीमन्ना के अवलोकन से ज्ञात होता है कि नामान्तकरण की पुष्ट पर जारी आदेश में फैसलकर्ता अधिकारी द्वारा दिये गये आदेश के ऑपरेटिव भाग के संक्षिप्त विवरण के बारे में कोई उल्लेख/जिक्र नहीं किया है। *इस प्रकार इस प्रक्रिया की ग्राम पंचायत द्वारा पालना नहीं की गई है।*

31. इस प्रकार प्रकरण में नामांतकरण संख्या 341 दिनांक 22.12.2020 मौजा हिरकन का थान ग्राम पंचायत लोलों की बेरी तहसील धोरीमन्ना के उक्त विश्लेषण से ज्ञात होता है कि नामांतकरण संख्या 341 दिनांक 22.12.2020 मौजा हिरकन का थान ग्राम पंचायत लोलों की बेरी तहसील धोरीमन्ना को फैसल करते समय ग्राम पंचायत लोलों की बेरी द्वारा राजस्थान भू–राजस्व (भू–अभिलेख) नियम–1957 के नियम–121 के उपनियम–04 तथा 05 के अनुसार विहित प्रक्रिया का अक्षरशः अनुसरण नहीं करते हुए प्रक्रिया का उल्लघंन किया गया है।

Signature Not Verified

Digitally signed by Keshav Kumar Meena
Date: 2025.01.09 20:08:23 IST
Reason: SelfAttested

32. इस प्रकार प्रकरण में नामांतकरण संख्या 341 दिनांक 22.12.2020 मौजा हिरकन का थान ग्राम पंचायत लोलों की बेरी तहसील धोरीमन्ना को फैसल कर ग्राम पंचायत लोलो की बेरी द्वारा बबरी बेवा भींया की शेष संपत्ति में प्रत्यर्थी संख्या 02 लगायत 05 का 1/3 हिस्सा, प्रत्यर्थी संख्या 06 का 1/3 हिस्सा तथा अपीलार्थी व प्रत्यर्थी संख्या 07 लगायत 12 का 1/3 हिस्सा दर्ज करना कानूनन उचित था। अतः ग्राम पंचायत व राजस्व कार्मिकों नामांतकरण संख्या 341 दिनांक 22.12.2020 दर्ज करते व फैसल करते समय उक्त विधिक प्रावधानों के तहत ही बबरी बेवा भींया का नामांतकरण दर्ज करना चाहिए था। परन्तु ग्राम पंचायत व राजस्व कार्मिकों नामांतकरण संख्या 341 दिनांक 22.12.2020 दर्ज करते व फैसल करते समय उक्त विधिक प्रावधानों के विपरीत बबरी बेवा भींया का नामांतकरण दर्ज केवल प्रत्यर्थी संख्या 02 लगायत 05 के हक में फैसल करना कानूनन अनुचित है। इस प्रकार ग्राम पंचायत व राजस्व कार्मिकों नामांतकरण संख्या 341 दिनांक 22.12.2020 विधिक प्रावधानों के विपरीत दर्ज किया गया है। इसी प्रकार नामांतकरण संख्या 341 दिनांक 22.12.2020 मौजा हिरकन का थान ग्राम पंचायत लोलों की बेरी तहसील धोरीमन्ना को फैसल करते समय ग्राम पंचायत लोलों की बेरी द्वारा राजस्थान भू—राजस्व (भू—अभिलेख) नियम—1957 के नियम—121 के उपनियम—04 तथा 05 के अनुसार विहित प्रक्रिया का अक्षरशः अनुसरण नहीं करते हुए प्रक्रिया का उल्लघंन किया गया है।

33. इस प्रकार नामांतकरण संख्या 341 दिनांक 22.12.2020 मौजा हिरकन का थान ग्राम पंचायत लोलों की बेरी तहसील धोरीमन्ना की दिनांक—22.12.2020 की कार्यवाही हिन्दू उत्तराधिकार अधिनियम—1956 के प्रावधानों के विपरीत तथा राजस्थान भू—राजस्व (भू—अभिलेख) नियम—1957 के नियम—121 के उपनियम—04 तथा 05 के अनुसार विहित प्रक्रिया का अक्षरशः अनुसरण नहीं करते हुए प्रक्रिया का उल्लंघन कर विधि विरूद्ध स्वीकृत किये जाने के कारण निरस्त किया जाना उचित प्रतीत होता है। अतः नामांतकरण संख्या 341 दिनांक 22.12.2020 मौजा हिरकन का थान ग्राम पंचायत लोलों की बेरी तहसील धोरीमन्ना की दिनांक—22.12.2020 की कार्यवाही हिन्दू उत्तराधिकार अधिनियम—1956 के प्रावधानों के विपरीत तथा राजस्थान भू—राजस्व (भू—अभिलेख) नियम—1957 के नियम—121 के उपनियम—04 तथा 05 के अनुसार विहित प्रक्रिया का अक्षरशः अनुसरण नहीं करते हुए प्रक्रिया का उल्लंघन कर स्वीकृत किये जाने के कारण अपीलार्थी स्वीकार किया जाना उचित प्रतीत होता है। अतः

आदेश है कि

अपीलार्थी की अपील बाबत् नामांतकरण संख्या 341 दिनांक 22.12.2020 मौजा हिरकन का थान ग्राम पंचायत लोलों की बेरी तहसील धोरीमन्ना की दिनांक—22.12.2020 की कार्यवाही हिन्दू उत्तराधिकार अधिनियम—1956 के प्रावधानों के विपरीत तथा राजस्थान भू—राजस्व (भू—अभिलेख) नियम—1957 के नियम—121 के उपनियम—04 तथा 05 के अनुसार विहित प्रक्रिया का अक्षरशः अनुसरण नहीं करते हुए प्रक्रिया का उल्लघंन कर विधि विरूद्ध स्वीकृत किये जाने के कारण अपील स्वीकार की जाती है तथा नामांतकरण संख्या 341 दिनांक 22.12.2020 मौजा हिरकन का थान ग्राम पंचायत लोलों की बेरी तहसील धोरीमन्ना की दिनांक—22.12.2020 की

Signature Not Verified

Digitally signed by Keshav Kumar Meena
Date: 2025.01.09 20:08:23 IST
Reason: SelfAttested

कार्यवाही को निरस्त किया जाकर पत्रावली तहसीलदार धोरीमन्ना को प्रेषित कर निर्देश दिये जाते है कि उक्त आराजी का नामांतरकरण हिन्दू उत्तराधिकार अधिनियम–1956 के अनुसार बबरी बेवा भींया की शेष संपत्ति में प्रत्यर्थी संख्या 02 लगायत 05 का 1/3 हिस्सा, प्रत्यर्थी संख्या 06 का 1/3 हिस्सा तथा अपीलार्थी व प्रत्यर्थी संख्या 07 लगायत 12 का 1/3 हिस्सा मानते हुए राजस्थान भू–राजस्व (भू–अभिलेख) नियम–1957 के नियम–121 के उपनियम–04 तथा 05 के अनुसार विहित प्रक्रिया का अक्षरशः अनुसरण करते हुए दर्ज करें।

पत्रावली का निर्णय आज दिनांक 07.01.2025 खुले न्यायालय में सुनाया जाकर हस्ताक्षर व मोहरयुक्त जारी किया गया।

(केशव कुमार मीना आर.ए.एस.)
उपखण्ड अधिकारी
धोरीमन्ना (बाड़मेर)

Signature Not Verified

Digitally signed by Keshav Kumar Meena
Date: 2025.01.09 20:08:23 IST
Reason: SelfAttested